हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 03 अगस्त 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

पंजाब के राज्यपाल एवं केन्द्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने हरिद्वार में कांवड़ यात्रा के दौरान गंगा नदी की तेज धारा में बह जाने से जान गंवाने वाले चंडीगढ़ के चार नाबालिग बच्चों के शोकाकुल परिवारों को ₹5 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान करने की घोषणा की है।

राज्यपाल एवं प्रशासक ने कल सायं शोकाकुल परिवारों से उनके निवास स्थान पर जाकर मुलाकात की तथा इस दुखद घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। परिवार के सदस्यों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि इस कठिन समय में चंडीगढ़ प्रशासन पूरी संवेदनशीलता के साथ उनके साथ खड़ा है। श्री कटारिया ने कहा कि दिवंगत बच्चे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से संबंध रखते थे, जिनमें से कुछ परिवार अत्यंत कठिन आर्थिक परिस्थितियों में जीवनयापन कर रहे हैं।

*******************************************************************

समाजसेवी डॉ. संजीव गोयल ने फरीदकोट में अपने सभी सहयोगियों के साथ भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कल पंजाब के फरीदकोट जिले के सादिक स्थित दाना मंडी में आयोजित विमुक्त जाति समाज सम्मेलन के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह की मौजूदगी में वे अपने साथियों सहित भाजपा में शामिल हुए। इस अवसर पर श्री नायब सिंह ने कहा -

*******************************************************************

हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने युवाओं से सिंगल यूज प्लास्टिक का पूरी तरह बहिष्कार करने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक प्रदूषण पर्यावरण के लिए गंभीर चुनौती बन चुका है।

श्री राव नरबीर सिंह कल गुरुग्राम में पर्यावरण संरक्षण एवं विकसित भारत के नशामुक्त युवा संकल्प अभियान को संबोधित कर रहे थे।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि यदि प्रत्येक नागरिक अपने दैनिक जीवन में छोटे-छोटे सकारात्मक बदलाव लाए तो देश को स्वच्छ, स्वस्थ और प्रदूषण मुक्त बनाने का लक्ष्य आसानी से प्राप्त किया जा सकता है।

*****************************************************************************

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज राष्ट्रमंडल खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले भारत के पदक विजेताओं को बधाई दी और उनके समर्पण, कड़ी मेहनत और उल्लेखनीय उपलब्धियों की सराहना की।

लोकसभा को संबोधित करते हुए ओम बिरला ने हाल ही में संपन्न हुए राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय दल के सफल प्रदर्शन की बात की और भारतीय खेल में उनके योगदान के लिए खिलाड़ियों की प्रशंसा की।

*****************************************************************************

ग्लासगो में कल रात राष्ट्रमंडल खेलों के समापन के साथ ही 2030 में अहमदाबाद राष्ट्रमंडल खेल के लिए उल्टी गिनती आधिकारिक तौर पर शुरू हो गई है। समापन समारोह के दौरान, भारत ने दुनिया को अहमदाबाद आने का न्योता दिया।

ग्लासगो की लॉर्ड प्रोवोस्ट जैकलीन मैकलारेन ने राष्ट्रमंडल खेलों के झंडे को राष्ट्रमंडल खेल स्कॉटलैंड की उपाध्यक्ष सुसान जैक्सन को, दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा, भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा और अंत में गुजरात के उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी को सौंपा। इसके साथ ही स्कॉटलैंड से भारत को मेजबानी की जिम्मेदारी आधिकारिक तौर पर सौंप दी गई।

भारत ने पिछली बार 2010 में नई दिल्ली में राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी की थी। 11 दिनों के कड़े मुकाबले के बाद, भारतीय एथलीट संतुष्ट होकर ग्लासगो से रवाना हुए। उन्होंने राष्ट्रमंडल खेलों में 13 स्वर्ण, 17 रजत और नौ कांस्य सहित कुल 39 पदक जीते और पदक तालिका में चौथा स्थान हासिल किया।

*****************************************************************************

सावन मास के पहले सोमवार पर कुरुक्षेत्र के कालेश्वर महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं ने पूरी श्रद्धा से भगवान शिव की पूजा अर्चना की ओर शिवलिंग पर जल व बेलपत्र अर्पित किए।

कालेश्वर महादेव के मुख्य पुजारी राकेश ने बताया कि पौराणिक कथा के अनुसार, त्रेता युग में लंकापति रावण ने इसी स्थान पर भगवान शिव की कठोर तपस्या की थी।

रावण ने भगवान शिव से काल पर विजय का वरदान मांगा और यह भी प्रार्थना की कि वर देते समय कोई तीसरा साक्षी न रहे। बताया जाता है कि भगवान शिव ने नंदी महाराज को कैलाश भेज दिया और स्वयं रावण को दर्शन देकर वरदान प्रदान किया।

*************************************************************************

आज पानीपत के प्राचीन देवी मंदिर सहित जिले के सभी शिवालयों में भी भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की जा रही है। श्रद्धालुओं ने शिवालयों में जलाभिषेक किया। मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

*************************************************************************